# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.07.2026 को बोबी कुमारी, उम्र 27 वर्ष, पति गुलटन पौद्दार, ग्राम चरकीपहाडी, थाना- करमाटांड, जिला- जामताडा द्वारा इनके घर में दिनांक 27.07.2026 की रात्रि को घर का ताला तोड कर 4 किलो चांदी , 2 फ्रिज, 3. 43 इंच का एलएडी , सिलाई मशीन , गहना 10 लाख रुपया का , नगद 08 लाख रुपया, कासा का बर्तन लगभग 02 लाख रुपया का कुलर इनभर्टर चोरी कर लेने से सबंधित आवेदन थाना में दिये । आवेदन के आधार पर करमाटांड थाना कांड संख्या 56/26, दिनांक 28.07.2026, धारा 331(4)/305 बी0एन0एस0 दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया । अनुसंधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय, जामताडा को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर कुशल कुमार पौद्दार, पिता जयप्रकाश पौद्दार, सा0- चरकीपहाडी थाना करमाटांड, जिला जामताडा को गिरफ्तार किया गया तथा उनके निशानदेही पर चाँदी जेवर को गला कर बनाया गया छड़ तथा कांसे के बर्तन को बरामद कर जप्त कर लिया गया है तथा कांड में अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है ।

**गिरफ्तारी-**

1. कुशल कुमार पौद्दार, पिता जयप्रकाश पौद्दार, सा0- चरकीपहाडी थाना करमाटांड, जिला जामताडा

**जप्ती-**

1. चाँदी को गला कर बनाया चाँदी का छड़, जिसका वजन करीब 75 ग्राम
2. 02 कांसा का थाली, 01 कांसा का लौटा तथा एक पैला

**छापामारी दल**

1. करमाटांड थाना पुलिस